प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री आज अपने जन्मदिन पर राष्ट्रव्यापी अभियान स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार का करेंगे शुभारंभ, रांची में भी आयोजित होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम, राज्यपाल और मुख्यमंत्री होंगे शामिल।**
2. **प्रदेश भाजपा दो अक्तूबर तक मनायेगी सेवा पखवाड़ा, राज्यभर में आज बड़े पैमाने पर चलाया जायेगा स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविरों का भी होगा आयोजन।**
3. **खासमहाल जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे को हजारीबाग एसीबी कोर्ट ने नहीं दी राहत, जमानत याचिका खारिज।**
4. **झारखंड हाईकोर्ट का जेएसएससी सीजीएल परीक्षा–2023 के परिणाम जारी करने पर रोक हटाने से इनकार, आज फिर होगी सुनवाई।**
5. **रांची समेत राज्यभर में आज हो रही है निर्माण और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा, औद्योगिक संस्थानों में खासा उत्साह।**

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने 75वें जन्मदिन पर देश को कई सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश से देश में महिलाओं और बच्चों के लिए अब तक के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक लाख से अधिक शिविर लगाये जायेंगे। श्री मोदी आज से दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा के रुप में मनाये जाने वाले समारोह की शुरूआत भी करेंगे। इसके अलावा वे आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का भी शुभारंभ करेंगे और पहले पीएम मित्रा पार्क की आधारशिला भी रखेंगे।

****

इधर, झारखंड में भी स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। रांची के सदर अस्पताल से राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ राज्यस्तरीय अभियान की शुरुआत करेंगे।

****

आज से दो अक्तूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश भाजपा की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहु ने बताया कि आज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर स्वस्छता अभियान चलाया जायेगा और रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने दावा किया कि सेवा पखवाड़ा के सभी तय कार्यक्रम सफल होंगे।

****

इस बीच गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्म दिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि मोदी के कार्यकाल में देश के विकास को गति मिली है।

****

खासमहाल जमीन घोटाला मामले में राज्य के निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे को हजारीबाग एसीबी कोर्ट ने राहत देने से इनकार किया है। अदालत ने विनय चौबे की जमानत याचिका खारिज कर दी है। विनय चौबे के वकील शंकर बनर्जी ने कहा कि वे इस आदेश को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा 2023 के परिणाम जारी करने पर रोक हटाने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत` मामले की सुनवाई आज भी करेगी।

****

भारतीय जनता पार्टी ने फिर सूर्या हासंदा एनकाउंटर मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एसटी आयोग ने भी इस मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा की है लेकिन राज्य सरकार इसकी अनदेखी कर रही है।

इधर, कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने आरोप लगाया है कि भाजपा एक अपराधी के सहारे अपनी खिसकी हुई जमीन वापस पाना चाहती है।

****

साहिबगंज जिले के किसानों के लिए केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं वरदान साबित हो रही हैं। और जानकारी दे रहे हैं

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज निर्माण और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना पूरी आस्था के साथ की जा रही है। विश्वकर्मा पूजा को लेकर औद्योगिक संस्थानों में खासा उत्साह है। लोग घरों में भी शिल्प के देवता की पूजा कर रहे हैं।

****

रांची समेत राज्य भर में अगले तीन दिनों के दौरान भी बारिश होने के आसार व्यक्त किए गए हैं। जबकि राज्य के उत्तरी भाग स्थित जिलों में कहीं कहीं भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

****

राज्य में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए झारखंड राज्य युवा आयोग आने वाले समय में कौशल विकास से लेकर युवा महोत्सव तक का आयोजन करेगा। आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री गौरव ने कहा कि झारखंड राज्य युवा आयोग युवाओं के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करेगा।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– गैंगस्टर प्रिंस खान ने लालपुर के कारोबारी को मैसेज भेज मांगी 10 करोड़ की रंगदारी।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– धनबाद में आतंकी कनेक्शन में एनआईए छापे, छह लाख जब्त।

प्रभात खबर की सुर्खी है– चतरा में बालू माफियाओं का आतंकः छापेमारी टीम पर चढ़ाया ट्रैक्टर, दो चौकीदार हुए घायल।

दैनिक जागरण लिखता है– पितृपक्ष के बाद होगा कैबिनेट का विस्तार, रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश बनेंगे मंत्री।

**********समाप्त***********